मध्यप्रदेश विधान सभा

जून-अगस्त 1990 सत्र

दैनिक कार्य-सूची

गुरुवार, दिनांक 21 जून, 1990 (ज्येष्ठ 31, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री मोती लाल वोरा, सदस्य, बस्तर जिले के अनेक क्षेत्रों में वनों की अवैध कटाई होने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री जगदम्बा प्रसाद निगम, सदस्य, रायसेन जिले के ग्राम बूढ़ा के बन्धक बनाये गये एक व्यक्ति के साथ मारपीट किये जाने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. शासकीय विधि विषयक कार्य

निर्धारित समय 45 मिनिट

श्री बाबूलाल जैन, मंत्री, वाणिज्यिक कर, प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय स्टाम्प (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक, 1990 (क्रमांक 12, सन् 1990) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

4. वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक का उपस्थापन

3 बजे दिन

श्री रामहित गुप्त वित्त मंत्री, वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक का उपस्थापन करेंगे.

भोपाल :
दिनांक 20 जून, 1990

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.